(v) Regarding establishment of Medical College in Balaghat district, Madhya Pradesh

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): मेरे संसदीय क्षेत्र बालाघाट के अंतर्गत बालाघाट जो नक्सल प्रभावित एवं आदिवासी बाहुल्य जिला है। जिला मुख्यालय से जिले की सीमा 120 कि.मी तक फैली है जो कि ज्यादातर वन क्षेत्र है। ग्रामीण इलाकों में चिकित्सा सेवाओं का अभाव है। अच्छी एवं गुणवत्ता युक्त चिकित्सा सुविधाएं न होने से जिलेवासियों को समय पर उचित ईलाज नही मिल पाता जिससे मरीजों को ईलाज के लिए 250 से 300 कि.मी. दूर नागपुर, जबलपुर या रायपुर जैसे बड़े शहरों में जाना पड़ता है। दूरी अधिक होने के कारण गंभीर मरीज होने की स्थिति में अप्रिय घटना तक घटित होने का डर बना रहता है। । पूर्व में मेरे द्वारा बालाघाट में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खोले जाने हेतु आग्रह किया था जिसके अनुक्रम में म.प्र.शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा 18.1.2021 को प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना PMSSY Phase 3 के अंतर्गत बालाघाट जिले में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खोलने हेतु प्रस्ताव केन्द्र सरकार को प्रेषित किया जा चुका है। इसी तारतम्य में आग्रह है कि मरीजों के उचित ईलाज की सुविधा की दृष्टि से प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना Phase 3 में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खोले जाएँ।